an>

Titel: Need to include Lodhi Caste of Maharashtra in the Central list of Backward Classes.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : महोदय, मैं भारत सरकार और सामाजिक न्याय मंत्रालय से महाराष्ट्र में रहने वाली लोधी जाति को पिछड़ी राष्ट्रीय अनुसूची में जोड़ने के विषय में निवेदन कर रहा हूं। देश के अनेक राज्यों में लोधी जाति के लोग हैं और ज्यादातर कृषि कार्य में लगे हुए हैं। मेरी जानकारी में लोधी जाति उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, गुजरात और कर्नाटक में पिछड़ी जाति में आती है लेकिन महाराष्ट्र में यह जाति पिछड़ी जाति में नहीं है। महाराष्ट्र सरकार ने 18 अगस्त, 2004 को पत्र क्रमांक 1/14(11)/2004 आर.डब्ल्यू./एन.सी.बी.सी. से सूचीबद्ध करके भारत सरकार के पास प्रस्ताव भेजा है कि इसे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में डाला जाए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से और सामाजिक न्याय मंत्रालय से निवेदन करता हूं कि महाराष्ट्र में लोधी जाति को पिछड़ी राष्ट्रीय सूची में डाला जाए।

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) : महोदय, मैं अपने आपको श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उठाए गए मुद्दे से संबद्ध करता हूं।